समाचार

लोक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई सम्पन्न
(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद रहे मुख्य अतिथि)

कोरबा 28 दिसम्बर 2022 —स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग कोरबा के द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत नगरीय जनप्रतिनिधियों, जनसेवकों की लोक स्वास्थ्य सेवाओं में भागीदारी को उत्कृष्टता प्रदान करने हेतु बुधवार को होटल टाप इन टाउन कोरबा में एक दिवसीय संवेदीकरण एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन किया, इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शासन की विभिन्न योजनाओं तथा कोरबा जिले में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तार से जानकारी जनप्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत की। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल के सदस्य संतोष राठौर, कृपाराम साहू, पालूराम साहू, प्रदीप जायसवाल, फूलचंद सोनवानी, पार्षद शैलेन्द्र सिंह पप्पी, रवि सिंह चंदेल, अनुज जायसवाल, धनसाय साहू, राजेन्द्र सूर्यवंशी, नारायणदास महंत, रूप सिंह गोंड़ प्रेमचंद पाण्डेय, धरम निर्मले, पवन कुमार, विनय कुमार, एल्डरमेन सनददास दीवान, आरिफ खान, गीता गभेल, पूर्व पार्षद देवीदयाल सोनी, सीताराम चौहान आदि उपस्थित थे।